



नवभारत
भोपाल, बुधवार 14 जनवरी, 2026


# बीएड परीक्षा में अव्यवस्था से बढ़ा तनाव

## सीट आवंटन में देरी पर छात्रों में नाराजगी, केंद्र स्टाफ से हुई बहस

**मारपीट के आरोप**

- **विश्वविद्यालय ने बताया मामूली धक्का-मुक्की**
- **आपसी समझाइश से सुलझा मामला**



**छतरपुर, 13 जनवरी. महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर परीक्षा केंद्र पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई.**

सीट आवंटन में देरी से नाराज छात्रों और केंद्र प्रबंधन के बीच विवाद हो गया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

छात्रों का आरोप है कि परीक्षा शुरू होने के काफी देर बाद तक उन्हें निर्धारित सीटें नहीं दी गईं. इससे उनका कीमती समय नष्ट हुआ और वे परीक्षा प्रभावित होने की बात कह रहे हैं. अव्यवस्था को लेकर जब छात्रों ने आपत्ति जताई, तो केंद्र प्रभारी और कर्मचारियों के साथ उनकी तीखी बहस हो गई. छात्रों ने आरोप लगाया कि बहस के दौरान उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई, साथ ही केंद्र प्रभारी द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया. घटना के बाद परीक्षा केंद्र पर तनाव की स्थिति बन गई, हालांकि कुछ समय बाद हालात सामान्य हो गए.

मामले पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है. कुलसचिव यशवंत पटेल ने बताया कि परीक्षा के दौरान पहचान पत्र जांच की प्रक्रिया चल रही थी, इसी दौरान छात्रों और स्टाफ के बीच मामूली विवाद हुआ था. उन्होंने कहा कि इसे मारपीट नहीं कहा जा सकता, केवल हल्की धक्का-मुक्की हुई थी.

> कुलसचिव के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच आपसी समझाइश कर मामला सुलझा लिया गया. छात्रों ने भी खेद व्यक्त किया, जिसके बाद परीक्षा प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रही. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस घटना को लेकर किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है.

# 17 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा गया

**हरपालपुर, 13 जनवरी. हर माह की 13 तारीख को आयोजित होने वाले सद्गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंड; चित्रकूट धाम द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का मंगलवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजन किया गया. शिविर का संचालन अर्चना महेश राय की उपस्थिति में हुआ.**

चित्रकूट से आए नेत्र विशेषज्ञ अरविंद मिश्र की टीम ने कुल 143 मरीजों की जांच की. जांच के दौरान 17 मरीजों में मोतिया बिंद (कैटरैक्ट) पाए जाने पर उन्हें सद्गुरू सेवा आश्रम की बस द्वारा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया, जहां उनका लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा. शिविर में अन्य मरीजों को नि:शुल्क चश्मा भी प्रदान किया गया. इस पहल से स्थानीय लोगों को दृष्टि सुधार और मोतिया बिंद जैसी नेत्र समस्याओं का लाभ नि:शुल्क मिल रहा है.

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मरीजों को आवश्यक इलाज मुहैया कराना है. इस तरह सद्गुरू सेवा आश्रम द्वारा लगातार चलाए जा रहे निशुल्क नेत्र शिविर ने क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की है.

## एक नजर में



### दादा गुरु महाराज की नर्मदा परिक्रमा का किया स्वागत

**शाहगंज.** नर्मदा बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निरंतर जन जागरण कर रहे अपनी कठोर साधना और विलक्षण योग शक्ति के लिए प्रसिद्ध सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज अपनी चौथी नर्मदा परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं के विशाल जत्थे के साथ शाहगंज पहुंचे. संगम स्थल तपस्विनी जोगेश्वरी बाईराम आश्रम बांद्राभान पर भोजन प्रसादी ग्रहण करने के पश्चात रवाना हुई इस पदयात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ स्वागत किया. इसी तरह यात्रा शाम को यात्रा के नगर प्रवेश पर नगरवासियों द्वारा दादा गुरु महाराज का आत्मीय स्वागत किया गया. स्थानीय रेस्ट हाउस प्रांगण में अवधूत महायोगी दादा गुरु का प्रवचन का कार्यक्रम चलता रहा. तत्पश्चात मां नर्मदा की आरती संपन्न हुई. वहीं समस्त परिक्रमा वासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया. रात्रि विश्राम के तत्पश्चात दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा यात्रा सुबह अपने अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान हुई.

### सांदीपनि विद्यालय में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**बुधनी.** युवा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से प्रसारित सीधा प्रसारण भी सुना गया. अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत प्रधानाध्यापक विनोद तनेजा सहित शिक्षकों द्वारा किया गया. उपस्थित अतिथियों में सांसद, विधायक एवं नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, पार्षद ज्योति प्रमोद पंजाबी, धीरेन्द्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार शामिल थे. योग गतिविधियों का संचालन एवं मार्गदर्शन योग प्रभारी जीपी दायमा, योगिता बांगरे एवं अरुण यादव द्वारा किया गया. इस अवसर पर बीईओ अशोक अहिरवार, बीआरसी बलवंत अहिरवार, रमेश शर्मा, उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया, प्राचार्य सुधा सालोमन आदि उपस्थित थे.



### आरएसएस शताब्दी वर्ष पर निकाली कलश यात्रा

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. इस दौरान हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से शामिल हुई. वहीं आदिवासी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकनृत्य प्रस्तुत किया. कलश यात्रा का समापन दशहरा मैदान में हुआ. जहां विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजित किया गया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि जगद्गुरु अजय पुरोहित सहित सभी संतों एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.

### जयंती व खुशबू का सब जूनियर नेशनल रग्बी में चयन

**बुधनी.** नगर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की दो खिलाड़ी जयंती प्रजापति एवं खुशबू यादव का चयन सब जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के लिए हुआ है. यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 21 जनवरी तक भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों खिलाड़ी मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी. कोच विशाल यादव ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 13 टीमों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान कर जिले को जीत दिलाई है. इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश रग्बी संघ सचिव अबरार अहमद, पंकज जैन, अर्जुन मालवीय, सचिव, सत्येन्द्र सिंह, सिवाच, नील कमल सरकार, नीलिमा सरकार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी.



# कलेक्टर ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की

**नौगांव, 13 जनवरी. निर्माणाधीन तोरण द्वार के गिरने से हुई दुर्घटना में एक मजदूर की मौत और दो अन्य के गंभीर घायल होने के बाद कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने त्वरित कार्रवाई की. जांच दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने सीएमओ आर.एस. अवस्थी और उपयंत्री गगन सूर्यवंशी को घटना के लिए जिम्मेदार पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. दोनों अधिकारियों का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय रहेगा और निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा.**

साथ ही कलेक्टर ने ठेकेदार प्रो. रमेश विश्वकर्मा के विरुद्ध थाना नौगांव में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया. प्रतिवेदन में पाया गया कि साईट पर सिविल वर्क किसी विशेषज्ञ के बजाय इलेक्ट्रिकल इंजीनियर द्वारा कराया जा रहा था और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण मजदूरों की जान जोखिम में पड़ी.

हादसे में राममिलन (25 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि भानु कुशवाहा, धर्मेंद्र अहिरवार और संतु अहिरवार गंभीर रूप से घायल हुए. कलेक्टर ने मृतक के परिवार को 20 हजार रुपए और घायलों को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की.

> घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर ने तोरण द्वार के निर्माण, गुणवत्ता और निर्माण एजेंसी की पूरी जांच सुनिश्चित करने के लिए जांच दल गठित किया है. अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई से यह संदेश गया कि निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## मकर संक्रांति पर पहाड़ी पर लगेगा मेला

**हरपालपुर, 13 जनवरी.** देशभर में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है. हरपालपुर में भी परंपरा के अनुसार इस वर्ष पहाड़ी-लहचूरा बांध पर मेले का आयोजन किया जाएगा. सात दिनों तक चलने वाले इस विशेष मेले में दंगल, सुंदरकांड, रामकथा, और रामलीला का मंचन होगा. इसके साथ ही यज्ञ-हवन सहित कई धार्मिक आयोजन भी आयोजित किए जाएंगे. मेला क्षेत्र में आए हुए श्रद्धालु और पर्यटक इन सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकेंगे. यह मकर संक्रांति का आयोजन स्थानीय परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

# गौ वंश ठंड और भूख से तड़प रहा

**प्रशासनिक उदासीनता बनी बड़ी समस्या**

**चंदला, 13 जनवरी. गौरीहार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पलटा में गौ वंश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. विगत वर्ष से 200 से अधिक गायें और बछड़े ठंड में भूख से तड़प रहे हैं. ग्राम में कुल 18 गोठान हैं, जिनमें यह गौ वंश आश्रय में रखा गया है, लेकिन पर्याप्त चारा और देखभाल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है.**

स्थानीय युवाओं ने चंदे से चारा और भूसा मंगवाया, लेकिन वह भी समाप्त हो गया है. अब गौ सेवक साधना भाव से इन्हें छोड़ने के लिए मजबूर हैं. जबकि पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार ग्राम स्तरीय गोठान में रहने वाले पशुओं का पंजीयन कर जिला गोपालन एवं पशु संवर्धन समिति को भेजा जाना चाहिए, ताकि गौसंवर्धन बोर्ड से प्रति गाय रू. 20 के हिसाब से चारा भूसा के लिए राशि उपलब्ध कराई जा सके या जिला खनिज निधि से व्यवस्था की जा सके.




लेकिन शासन और प्रशासन की उदासीनता के कारण न तो अधिकारी समस्या का समाधान कर रहे हैं और न ही स्थानीय नेता. ग्रामीण और किसान अब मजबूरन आवारा गौ वंश को लेकर छतरपुर जाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की योजना बना रहे हैं. यह स्थिति न केवल गौ वंश के संरक्षण के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि किसानों और ग्रामीणों के लिए भी गंभीर समस्या बन गई है.

# चाइनीज मांझे की चपेट में आया विशाल उल्लू

**रेस्क्यू कर बचाई जान**

**छतरपुर, 13 जनवरी. शहर की एमपीबीई स्टोर कॉलोनी में चाइनीज मांझे के कारण एक बड़ा हादसा टल गया. कॉलोनी में स्थित लगभग 50 फीट ऊंचे पेड़ पर एक विशाल उल्लू चाइनीज मांझे में बुरी तरह फंस गया. मांझे में उलझने के कारण उल्लू काफी देर तक खुद को छुड़ाने के लिए संघर्ष करता रहा, जिससे उसे चोटें आईं और वह उड़ने में असमर्थ हो गया.**



घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची. सुरक्षा की दृष्टि से पहले आसपास की बिजली सप्लाई बंद कराई गई, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. कर्मचारियों ने सीढ़ी और आवश्यक उपकरणों की सहायता से पेड़ पर चढ़कर उल्लू तक पहुंच बनाई.

रेस्क्यू के दौरान पाया गया कि चाइनीज मांझा उल्लू के पंखों और पंजों में बुरी तरह उलझा हुआ था. टीम ने अत्यंत सावधानी से मांझे को काटकर उल्लू को मुक्त कराया और सुरक्षित नीचे उतारा. प्राथमिक जांच में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई, हालांकि मामूली घाव थे. रेस्क्यू के बाद उल्लू को वन विभाग की निगरानी में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया. वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे चाइनीज मांझे का उपयोग न करें, क्योंकि यह पक्षियों, जानवरों और इंसानों के लिए बेहद खतरनाक है.

# ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत

## देर रात सागर रोड पर हादसा, ट्रक जब्त, जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम

**छतरपुर, 13 जनवरी. नगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ब्रह्मेश्वर धाम के पीठाधीश्वर लवलेश कृष्ण शास्त्री के मामा रामगोपाल शुक्ला की मौत हो गई. हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगोपाल शुक्ला रात के समय सागर रोड पर सड़क किनारे खड़े थे. इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामगोपाल शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई.



घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और बस स्टैंड क्षेत्र में उसे रोक लिया. इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया. हादसे की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए. बुधवार 13 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे जिला अस्पताल छतरपुर में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. इस हादसे के बाद क्षेत्र में गमगीन माहौल बना हुआ है.



# गांजा तस्करी करते पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार

- **800 ग्राम गांजा, बाइक व नकदी जब्त**
- **एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज**

**छतरपुर, 13 जनवरी. जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरवई थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात रानीखेड़ा-खुड़ेही रोड पर की गई, जहां पुलिस ने संदिग्धों को पकड़कर उनके कब्जे से 800 ग्राम गांजा, एक अपाचे मोटरसाइकिल और 6 हजार रुपये नकद बरामद किए. जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है.**

पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से गांजा तस्करी की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर खुड़ेही रोड स्थित नहर की पुलिया के पास घेराबंदी कर बाइक सवार संदिग्धों को रोका गया. तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध गांजा बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपियों ने गांजा खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी दी, जिसके आधार पर तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया.

गिरफ्तार आरोपियों में रविराज उर्फ रवि खंगार निवासी सरवई, बबलू पटेल निवासी ग्राम ओदी तथा गांजा विक्रेता प्रेम नारायण पटेल निवासी अम्हापुरवा (थाना सरवई) शामिल हैं. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान का हिस्सा है. हाल के महीनों में पुलिस ने एनडीपीएस एवं आबकारी अधिनियम के तहत कई प्रकरण दर्ज कर मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने का प्रयास किया है. इस कार्रवाई में एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे तथा थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**नगर पालिका अलर्ट** — **जल प्रदूषण रोकने नगर पालिका ने टोंटी अनिवार्य की, कनेक्शन काटने की चेतावनी**

# खुले नलों पर सख्ती, 1000 जुर्माने का प्रावधान

**छतरपुर, 13 जनवरी. नगर में जल सुरक्षा को लेकर नगर पालिका ने कड़ा रुख अपनाया है. अब खुले नल छोड़ने वाले उपभोक्ताओं पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही, प्रत्येक नल कनेक्शन पर टोंटी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है. यह निर्णय पाइपलाइनों में गंदे पानी के प्रवेश और जल प्रदूषण की आशंका को ध्यान में रखते हुए लिया गया है.**

हाल ही में इंदौर में सामने आई जल प्रदूषण की घटना के बाद छतरपुर नगर पालिका अलर्ट मोड में आ गई है. इसके तहत शहर के विभिन्न इलाकों में मुनादी और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है. नगर पालिका का उद्देश्य खुले नलों के कारण जल की गुणवत्ता पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकना और नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है.



> अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के महल रोड क्षेत्र में महल टंकी से आपूर्ति होने वाले पानी की जांच की गई. इस दौरान जल के नमूने लिए गए और उपभोक्ताओं को नल कनेक्शन की सही व्यवस्था तथा सुरक्षित जल उपयोग की जानकारी दी गई. विशेष रूप से छोटी कुंजरेहटी मार्ग की सप्लाई लाइन से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्देश दिए गए कि नल कनेक्शन नालियों में न रखें और सभी कनेक्शनों में टोंटी अवश्य लगाएं. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माने के साथ नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी. नगर पालिका ने नागरिकों से समय पर जलकर जमा करने, पानी का संयमित उपयोग करने और स्वच्छ जल व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है. अभियान के दौरान जल प्रकोष्ठ शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे.